राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

संदेश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 मना रहा है। इस वर्ष की थीम :- "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें", देश के नागरिकों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा हर वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जाना तथा उसका अनुपालन करना एक सराहनीय पहल है क्योंकि यह सभी सरकारी संगठनों और देशवासियों को राष्ट्रहित के लिए भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करने में उनके कर्तव्यों का स्मरण कराने और उसकी पुन: पुष्टि हेतु एक उचित मंच प्रदान करता है।

मुझे विश्वास है कि यह अभियान देशवासियों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने में सहायक होगा। मैं केन्द्रीय सतर्कता आयोग को उसके प्रयास के लिए बधाई देता हूँ और देश के सभी नागरिकों को इस अभियान में पूरे मन से भाग लेने का आवहान करता हूँ।

"जय हिन्द"

(राजनाथ सिंह)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06 अक्टूबर, 2023

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in